Nodal – 07-10-20

250

# ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेश्वर।।

Email-dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone no-01372–252175

पत्रांक 1123/12–1 ,गोपेश्वर, दिनांक 24/09/ 2020।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली।

**विषयः–** जनपद चमोली के विकासखण्ड नारायणबगड़ के अन्तर्गत चोपता से डडुवागाढ़ तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.404 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग, को प्रत्यावर्तन करने के सम्बन्ध में।

**संदर्भः–** **वन अनुभाग–3 उत्तराखण्ड शासन की पत्र सं0 1043/(1)/x–3–20/1(116)/2020 दिनांक 02.09.2020**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक प्रकरण मे वन अनुभाग–3 उत्तराखण्ड शासन के संदर्भित पत्र से सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है, सैद्वान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्तो के अनुसार इस कार्यालय द्वारा मांग पत्र निम्नानुसार प्रेषित की जा रही हैः–

1– शर्त सं0 01 के अनुसार प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल के आस–पास रिक्त पड़े स्थलो पर वित्तीय वर्ष 2020–21 के नई दर रू0 1331.00 प्रति वृक्ष के अनुसार 100 वृक्षो का 1331.00 X 100= रू0 1,33,100.00 की धनराशि ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा की जानी है।

2. शर्त सं0 02 के अनुसार प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र सं0 5–3/2007–एफ0सी0 दिनांक 05.02.2009 में उल्लिखित दरो के अनुसार 0.404 है0 दर 6,57,000.0= रू0 2,65,428.00 (रू0 दो लाख पैंसठ हजार चार सौ अठ्ठाईस) ऑनलाईन चालान के माध्यम जमा की जानी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त मांग पत्र को ऑन लाईन अपलोड करते हुए नोडल अधिकारी द्वारा सत्यापन होने पर ऑनलाईन चालान से ही धनराशि Ad-hoc कैम्पा में जमा करने के पश्चात् सैद्वान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो की पूर्ण अनुपालन आख्या बिन्दुवार संलग्नकों सहित तीन प्रतियों में इस कार्याल्य को उपलब्ध कराये का कष्ट करे। ताकि सैद्वान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो की पूर्ण अनुपालन आख्या उच्च स्तर को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांक / , दिनांकित।

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर, फॉरेस्ट कॉलोनी देहरादून को उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

A.E / Admin

E.E
5/10/20